दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

SOUTH EAST CENTRAL RAILWAY

कार्मिक विभाग, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, रायपुर (C.G) - 492008

PERSONNEL DEPARTMENT, DIVISIONAL RAILWAY MANAGER'S OFFICE, RAIPUR (C.G.) 492008

सं. ई/पीबी/आर/आरसीटी/2020 No. E/PB/R/RCT/2020 दिनांक Date: 06-04-2020

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर मंडल में संविदा चिकित्सकों को संलग्न करने हेतु अधिसूचना

1. कोविड -19 वैश्विक महामारी से संबंधित समस्याओं और डॉक्टरों की कमी को पूरा करने के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, रायपुर मंडल के अधिकार क्षेत्र के तहत मंडल रेल अस्पतालों / स्वास्थ्य इकाइयों / अन्य प्रतिष्ठानों में सेवा करने के लिए 14 संविदा चिकित्सकों (सीएमपी) (04 विशेषज्ञ और 10 जीडीएमओ) को 03 महीने की अवधि हेतु पूर्णत: अनुबंध के आधार पर संलग्न करने का निर्णय लिया गया है।

2. पात्रता संबंधी मापदंड

क्र.सं.	पद	पदों की सं.	न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता	आयु संबंधी मापदंड
1	जनरल ड्यूटी चिकित्सा अधिकारी (जीडीएमओ)	10	**मान्यता प्राप्त संस्थान से एम.बी.बी.एस.**	i. अधिसूचना की तिथि पर उम्मीदवारों की ऊपरी आयु सीमा 53 वर्ष है। आरक्षित समुदाय के उम्मीदवारों के लिए आयु में छूट मौजूदा नियमों के अनुसार लागू होगी। ii. अधिसूचना की तिथि पर 65 वर्ष की आयु तक के राज्य / केंद्र सरकार के सेवानिवृत्त रेलवे डॉक्टर / सरकारी चिकित्सा अधिकारी भी पात्र हैं।
2	विशेषज्ञ	04	एम.डी./डी.एन.बी. जनरल मेडिसिन के लिए 01 पद, एम.डी./डी.एन.बी./डी.टी.सी.डी. पल्मोनोलॉजी के लिए 01 पद, एम.डी./डी.एन.बी./डी.ए. एनेस्थीसिया के लिए 01 पद, एम.डी./डी.एन.बी./ पैथोलॉजी के लिए 01 पद	

3. पारिश्रमिक / लाभ

रेलवे बोर्ड की गाइडलाइन के अनुसार समय-समय पर मासिक पारिश्रमिक देय होगा।

विशेषज्ञ (06 घंटे)	**Rs.95,000/-** (पंचानबे हजार रु. मात्र)
जनरल ड्यूटी चिकित्सक (06 घंटे)	Rs.75,000/- (पचहत्तर हजार रु. मात्र)
सेवानिवृत्त चिकित्सक (06 घंटे)	Rs.75,000/- (पचहत्तर हजार रु. मात्र) (बशर्ते कि सेवानिवृत्त चिकित्सक द्वारा प्राप्त पारिश्रमिक + पेंशन अंतिम आहरित वेतन से अधिक नहीं होनी चाहिए

4. संविदा की अवधि और संविदा की समाप्ति

अनुबंध केवल तीन महीने के लिए पूर्णत: संविदा आधार पर होगा। सीएमपी के रूप में प्रदान की गई सेवा कोविड -19 महामारी की स्थिति की आवश्यकता को पूरा करने के लिए एक व्यवस्था है और यह किसी भी परिस्थिति में स्वत: नियमितीकरण / सेवा में समाहित होने के लिए कोई अधिकार नहीं प्रदान करेगी और उन्हें सेवा में निरंतरता अथवा संविदा या पुन: संलग्न होने के लिए स्वत: विस्तार हेतु कोई दावा या अधिकार नहीं देगी। रेलवे प्रशासन को किसी भी स्तर पर संविदा / पुनः संलग्न करने को बंद करने का पूर्ण अधिकार है। संविदा अवधि के दौरान दोनों में से कोई भी [illegible]

Scanned by CamScanner

5. चयन का तरीका वॉक-इन-इंटरव्यू होगा, हालांकि लॉकडाउन की मौजूदा स्थितियों में वॉक-इन-इंटरव्यू या तो व्यक्तिगत रूप से या व्हाट्सएप / स्काइप / ज़ूम आदि जैसे ऑनलाइन प्लेटफार्मों के माध्यम से आयोजित किया जाएगा । साक्षात्कार की तिथि, समय और माध्यम, उम्मीदवार को ई-मेल / फोन द्वारा सूचित किया जाएगा। उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे अपना सही ई-मेल आईडी और फोन नंबर दें।

ए) उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे आगे की जानकारी के लिए अपने ई-मेल और साथ ही SECR वेबसाइट की जॉच करें। सूचीबद्ध उम्मीदवारों को अधिसूचना के समापन की तारीख के तुरंत बाद स्क्रीनिंग के लिए उपस्थित होने के लिए सभी व्यवस्था करनी चाहिए।

बी) उम्मीदवार निर्धारित प्रारूप (परिशिष्ट- I) में आवेदन कर सकते हैं और आवश्यक दस्तावेज के साथ 14.04.2020 को या उसके पूर्व ई-मेल आईडी- secrr2020@gmail.com पर भेज सकते हैं।

ध्यान दें : आवेदकों की संख्या के आधार पर साक्षात्कार को एक दिन से अधिक तक बढ़ाया जा सकता है। साक्षात्कार में भाग लेने वाले उम्मीदवारों को कोई टीए / डीए / आवास प्रदान नहीं किया जाएगा।

6. आवश्यक दस्तावेज: उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे निर्धारित प्रारूप में आवेदन और निम्नलिखित दस्तावेजों के साथ साक्षात्कार के समय सत्यापन हेतु मूल प्रमाण पत्र साथ लाएं। ई-मेल आईडी secrr2020@gmail.com पर उन्हीं दस्तावेजों को स्कैन करना होगा और आवेदन प्रारूप (परिशिष्ट-I) के साथ भेजना होगा।

1. दो पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ
2. निम्नलिखित के प्रमाण में मूल प्रमाण पत्र:
   i. शैक्षणिक योग्यता जैसे डिग्री, स्नातकोत्तर प्रमाणपत्र, संबंधित क्षेत्र में डिप्लोमा के समर्थन में प्रमाणपत्र आदि ।
   ii. जन्मतिथि के साक्ष्य के रूप में प्रमाणपत्र ।
   iii. अनुभव के साक्ष्य के रूप में प्रमाणपत्र, यदि हो ।
   iv. अज/अजजा/अपिव समुदाय के उम्मीदवारों के लिए जाति प्रमाणपत्र ।
   v. सेवा प्रमाणपत्र (सेवानिवृत्त रेलवे डॉक्टर / राज्य / केंद्र सरकार के सरकारी चिकित्सा अधिकारियों के लिए) ।
   vi. अंतिम वेतन प्रमाणपत्र तथा पेंशन विवरण (सेवानिवृत्त रेलवे डॉक्टर / राज्य / केंद्र सरकार के सरकारी चिकित्सा अधिकारियों के लिए) ।
3. राज्य चिकित्सा काउंसिल या भारतीय चिकित्सा काउंसिल या उचित प्राधिकरण द्वारा पंजीयन प्रमाणपत्र की प्रतिलिपि ।
4. प्रमाणपत्रों / टेस्टिमोनियल्स की अनुप्रमाणित प्रतिलिपियों का एक सेट ।
5. अनुभव प्रमाणपत्र तथा नियोक्ता द्वारा अनापत्ति प्रमाणपत्र एवं अन्य संबंधित प्रमाणपत्र ।
6. आधार तथा पैन कार्ड ।

7. अन्य निबंधन एवं शर्तें :

- **i.** संविदा चिकित्सक, रेलवे आवास हकदार नहीं होंगे। हालॉकि, यदि उपलब्ध हो, तो इस पर विचार किया जा सकता है। यदि सरकारी आवास प्रदान किया जाता है, तो आवास किराया भत्ता और लाइसेंस शुल्क की राशि के बराबर राशि काट ली जाएगी।
- **ii.** निजी प्रैक्टिस की अनुमति नहीं होगी।
- **iii.** सीएमपी के रूप में अपनी योग्यता के अनुसार संलग्न किसी भी सेवानिवृत्त रेलवे चिकित्सक के लिए रेलवे विशेषाधिकार पास / पीटीओ स्वीकार्य नहीं होगा। साक्षात्कार में भाग लेने वाले उम्मीदवारों को कोई टीए / डीए देय नहीं है।
- **iv.** सीएमपी के रूप में संलग्न होने पर रेलवे में स्वत: नियमितीकरण या समाहित होने के लिए कोई अधिकार प्रदान नहीं किया जाएगा ।
- **v.** चयनित होने पर संविदा चिकित्सक को संलग्न होने के पूर्व अनिवार्य चिकित्सा परीक्षा उत्तीर्ण करना होगा और वर्तमान नियोक्ता, यदि कोई हो, से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा ।

Scanned by CamScanner

कृपया इस अधिसूचना के लिए वेबसाइट- www.secr.indianrailway.gov.in देखें और किसी अन्य प्रश्न के लिए कृपया फोन नंबर (1) 09752877602 (2) 09752877635 पर संपर्क करें।

(डॉ. अदिति पटेल)
मंडल कार्मिक अधिकारी
कृते वरि. मंडल कार्मिक अधिकारी

संलग्नक : परिशिष्ट-। के अनुसार आवेदन प्रपत्र ।

Scanned by CamScanner

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

संविदा आधार पर .... पद के लिए आवेदन ।

(संदर्भ : क्र. ई / पीबी / आर / आरसीटी / 2020 दिनांक 06.04.2020)

प्रति,
वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी,
दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे,
रायपुर

पासपोर्ट साइज फोटो चिपकाएं

1	पूरा नाम		
2	पिता का नाम		
3	जन्म तिथि		
4	क्या अनु. जाति / अनु. जन जाति / अन्य पिछडा वर्ग के हैं (प्रमाण पत्र संलग्न करें)		
5	दिनांक 01.01.2020 को आयु		
6	स्थायी पता		
7	पत्राचार का पता		
8	योग्यता	विश्वविद्यालय / संस्थान	उत्तीर्ण होने का वर्ष
9	अनुभव का विवरण		
10	प्रमाण पत्रों की संलग्न प्रतियां (टिक करें)	1. जन्म तिथि के प्रमाण में प्रमाण पत्र। 2. शिक्षा योग्यता (डिग्री, संबंधित क्षेत्र में डिप्लोमा) 3. जाति प्रमाण पत्र, यदि अनु. जाति / अनु. जन जाति / अन्य पिछडा वर्ग के हैं। 4. पीडब्ल्यूडी उम्मीदवार द्वारा पीएच प्रमाण पत्र। 5. अनुभव / प्रशंसा प्रमाणपत्र (विवरण दें)।	
11	टेलीफोन नंबर / मोबाइल नंबर और ई-मेल आईडी		

मैं अधिसूचना के नियमों और शर्तों से सहमत हूं ।

दिनांक : उम्मीदवार के बांये हाथ के अंगूठे का निशान (उम्मीदवार का हस्ताक्षर)

Scanned by CamScanner